जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/एफ/प्रशा/प्रवेश/2015/ 9905 — दिनांक 23/11/15

प्रति, **प्रथम स्मरण पत्र**

विभागाध्यक्ष/अधिकारी/समन्वयक/निदेशक/प्रभारी/वार्डन
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
एवं प्राचार्य, जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध,
समस्त महाविद्यालय (शासकीय एवं अशासकीय)

विषय – वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2014 –15 हेतु जानकारी भेजने बाबत्।
सन्दर्भः– विश्वविद्यालय पत्र कमांक एफ/प्रशा/प्रवेश/2015/9869 दिनांक 07.11.2015

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र द्वारा आपको सूचित किया गया था कि, वर्ष 2014–15 का वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाना है। विश्वविद्यालय पत्र कमांक एफ/प्रशा/प्रवेश/2015/9869 दिनांक 07.11.2015 द्वारा आपके महाविद्यालय/अध्ययनशाला/विभाग से दिनांक 20.11.2015 तक आवश्यक रूप से जानकारी मंगाई गई थी। जो आपके महाविद्यालय/अध्ययनशाला से जानकारी आज दिनांक तक अप्राप्त है।

वार्षिक प्रतिवेदन शासन के विभिन्न विभागों की ओर भेजने के अतिरिक्त विधानसभा पटल पर भी रखे जाते हैं। शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार यदि शासकीय महाविद्यालय निर्धारित समय–सीमा में प्रतिवेदन संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय में नहीं भेजते हैं तो सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य की दो वेतन वृद्धि रोकी जाने एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु शासन को लिखा जावेगा तथा अशासकीय महाविद्यालय यदि समय सीमा में जानकारी नहीं भेजते हैं तो ऐसे महाविद्यालयों की सम्बद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी तथा महाविद्यालय की मान्यता समाप्त करने हेतु शासन को भी लिखा जावेगा।

अतः कृपया व्यक्तिगत रूचि लेकर शीघ्रातिशीघ्र समस्त जानकारी दिनांक **30 नवम्बर 2015** तक हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (MS Office Word) में स्पीड पोस्ट से अनिवार्यतः कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के पते पर भेजने का कष्ट करें।

उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के ई–मेल (jiwajiuniversity.ad@gmail.com) एवं जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के डाटा सेंटर के ई–मेल (judatacentre@gmail.com) पर भी आवश्यक रूप से भेजे। (कृपया लिफाफे के ऊपर आवश्यक रूप से वार्षिक प्रतिवेदन 2014–2015 अंकित किया जावे) सत्र 2014–15 की वार्षिक प्रतिवेदन प्रोफार्मा जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की वेबसाइड से डाउनलोड करेः–**www.jiwaji.edu**

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. वेबसाइड प्रभारी, इस प्रथम स्मरण सूचना पत्र को तत्काल जीवाजी विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर अपलोड करे।

उप-कुलसचिव(प्रशा)

D:/Arjun Bhagat Sir/Letter